Date	Publication	Headline	Edition
11 May, 2015	Dainik Yeshobhumi	MF investors to reach 10 cr in 5 years	Mumbai

पांच साल में म्यूचुअल फंड निवेशकों के खातों की संख्या १० करोड़ होगी

अबू धाबी, म्यूचुअल फंड उद्योग के पास अगले पांच साल में निवेशकों के 10 करोड़ खाते होंगे और उनके प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) का का आकार तीन साल में ही बढ़कर 20,000 अरब रच्पये पर पहुंच जाएगा।

इस उद्योग के अनुसार सकारात्मक बाजार धारणा व खुदरा निवेशकों में बढ़ती रुचि की वजह से म्यूचुअल फंडों का आधार बढ़ेगा। फिलहाल इस उद्योग के फोलियो या निवेशक खातों की संख्या चार करोड़ से कुछ अधिक है। रिलायंस म्यूचुअल फंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप सिक्का ने यहां कहा कि म्यूचुअल फंड उद्योग की परिसंपत्तियां 2018 तक 20,000 अरब रुपये पर पहुंच जाएंगी। फिलहाल यह 12,000 अरब रुपये है।

सिक्का ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर कुल सकारात्मक धारणा तथा खुदरा निवेशकों का भरोसा बढ़ने से म्यूचुअल फंडों की परिसंत्तियों व फोलियो का आधार बढ़ेगा। सिक्का ने कहा, 'म्यूचुअल फंड उद्योग के फोलियो की संख्या अगले पांच साल में 10 करोड़ पर पहुंच जाएगी, जो अभी चार करोड़ से कुछ अधिक है।' वित्त वर्ष 2014-15 में देश में 44 म्यूचुअल कोष समूहों के फोलियो की संख्या में 22 लाख का इजाफा हुआ। इससे पिछले कुछ बरस तक उद्योग में फोलियो की संख्या में लगातार कमी आ रही थी।